अर्पण 2026

# महात्मा गाँधी सेवा लीग

## वार्षिक आख्या-2025



प्रेरणा स्त्रोत

**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

मा० कुलाधिपति एवं मा० राज्यपाल
उत्तर प्रदेश







## राष्ट्रीय सेवा योजना

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)

# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के कार्यक्रम की झलकियां











स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि श्री छप्पे राम नेगी, पर्वतारोही

# अर्पण 2026

**स्मारिका समिति**


**डॉ० श्याम मिश्रा**
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना

**डॉ० चन्द्र सौरभ** | **सुश्री कनिका बजाज**


## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

सेवा · शिक्षा · संस्कार · समर्पण · समाज

# राष्ट्रीय सेवा योजना गीत

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब, एक दिन
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

हम चलेंगे साथ–साथ, होंगे हाथों में हाथ,
हम चलेंगे साथ–साथ, एक दिन ।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

होगी शान्ति चारों ओर, होगी शान्ति चारों ओर ओ,
होंगी शान्ति चारों ओर, एक दिन ।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

सत्य से होंगे आजाद, सत्य से होंगे आजाद,
सत्य से होंगे आजाद, एक दिन ।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

हमें डर नहीं है आज, हमें डर नहीं है आज,
हमें डर नहीं है आज के दिन ।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन ।।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर – 208024
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
यू.जी.सी. श्रेणी – I विश्वविद्यालय
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur - 208024
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
U.G.C. Category - I University

प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति
**Prof. Vinay Kumar Pathak**
Vice Chancellor

23 जून, 2026



## शुभ सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष एवं गर्व का अनुभव हो रहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा सत्र 2026 में 'महात्मा गाँधी सेवा लीग' के अंतर्गत संपादित विविध सामुदायिक एवं राष्ट्र उपयोगी गतिविधियों का संकलन करते हुए एक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह प्रयास न केवल सेवा कार्यों का दस्तावेजीकरण है, बल्कि युवाओं में निहित सामाजिक चेतना, रचनात्मकता एवं प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिंब भी है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा चयनित ग्राम–बस्तियों में सत्र 2025–26 के दौरान Community Outreach Programme, NSS Activities: Village Adoption Activities and Social Awareness Campaigns के अंतर्गत आयोजित सरदार @150 कार्यक्रम, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025, विकसित भारत युवा कनेक्ट–2026, विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026, माय भारत बजट क्वेस्ट 2026, विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज–2026, विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर, राजकीय चिकित्सालयों में स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सेवा–सहायता, "भिक्षावृत्ति से शिक्षावृत्ति की ओर" जैसे प्रेरक अभियान तथा "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार–स्वच्छता" जैसे जनजागरूकता कार्यक्रम– ये सभी प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन के सशक्त उदाहरण हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने न केवल सेवा–भाव, श्रम–सम्मान और सामाजिक समरसता के मूल्यों को आत्मसात किया है, बल्कि जन–जन तक जागरूकता, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुँचाया है।

स्मारिका का प्रकाशन निःसंदेह स्वयंसेवकों में राष्ट्रसेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा, साथ ही उनकी सृजनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्तियों को एक व्यापक मंच उपलब्ध कराएगा। यह स्मारिका आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
*कुलपति*

कार्यालय/Office : +91-512-2585280 वेबसाइट/Website : www.csjmu.ac.in ई मेल/E-mail : vc@csjmu.ac.in vcocsjmu@gmail.com

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयाँ

- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 1
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 2
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 3
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 4
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 5
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, इकाई 6
- क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर नगर
- वीएसएसडी कॉलेज, कानपुर नगर
- डी.ए.वी. कॉलेज (प्रथम इकाई), कानपुर नगर
- डी.ए.वी. कॉलेज (द्वितीय इकाई), कानपुर नगर
- दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर
- डीबीएस कॉलेज, कानपुर नगर
- डॉ. राम मनोहर पीजी कॉलेज, कानपुर नगर
- डॉ. वीरेंद्र स्वरूप इंस्टी० ऑफ प्रो० स्टडीज, कानपुर नगर
- हलीम मुस्लिम पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर
- जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स, कानपुर नगर
- कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर
- महिला महाविद्यालय किदवई नगर, कानपुर नगर
- पीपीएन (पीजी) कॉलेज, कानपुर नगर
- पीएसआईटी कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, कानपुर नगर
- एक्सेस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन, कानपुर नगर
- माँ शीतला देवी श्रीजुगी नारायण महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर
- एस. एन. सेन कालेज, कानपुर नगर
- महाराण प्रताप कालेज ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज, कानपुर नगर
- राम सहाय राजकीय डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
- रामा विश्वविद्यालय, मंधना, कानपुर नगर
- अर्मापुर पी. जी. कॉलेज, कानपुर नगर
- ए.एन.डी.एन.एन.एम. महाविद्यालय (प्रथम द्वितीय), कानपुर नगर
- ए.एन.डी.एन.एन.एम. महाविद्यालय (इकाई द्वितीय), कानपुर नगर
- एलन हाउस बिजनेस स्कूल, कानपुर नगर
- ब्रह्मानंद कॉलेज, कानपुर नगर
- ब्रह्मावर्त पी.जी कॉलेज, मंधना, कानपुर नगर
- जुहारी देवी गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय, कानपुर नगर
- ए.एन.डी.एन.एन.एम. महाविद्यालय (प्रथम इकाई ), कानपुर नगर
- एस एन सेन बी वी पी जी कॉलेज, कानपुर नगर
- अकबरपुर डिग्री कॉलेज, अकबरपुर, कानपुर देहात
- आर.जी. महाविद्यालय, कानपुर देहात
- सरला द्विवेदी, कानपुर देहात
- इंदिरा गांधी राजकीय पी जी कॉलेज, बांगरमऊ, ,उन्नाव
- डीएसएन पीजी कॉलेज, उन्नाव
- एसजी पीजी कॉलेज, उन्नाव
- बाबू जयशंकर गया प्रसाद पी.जी. कॉलेज, उन्नाव
- विशम्भरदयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय, रोरी, बांगमऊ, उन्नाव
- गवर्मेन्ट डिग्री कालेज, उन्नाव
- निरंजन सिंह महाविद्यालय, सफीपुर, उन्नाव
- राजकीय महाविद्यालय, लोटनापुरवा, उन्नाव
- जनता महाविद्यालय, अजीतमल, औरैया
- तिलक महाविद्यालय, औरैया
- वीजीएम कॉलेज दिबियापुर, औरैया
- सिंहवाहिनी महाविद्यालय, अजीतमल, औरैया
- सुमन रानी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, औरैया
- सीएच. सुघर सिंह एजूकेशनल एकेडमी, जसवंत नगर, इटावा
- चौधरी चरण सिंह पी.जी. कॉलेज, हैबरा, इटावा
- के.के.पी.जी. कॉलेज, इटावा
- श्रीतिरुपति बाला जी महाविद्यालय, इटावा
- जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा
- पी.एस.एम.पी.जी. कॉलेज, कन्नौज
- अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज
- ग्लोबल एजुकेशन महाविद्यालय, कन्नौज
- नेहरू महाविद्यालय छिबरामऊ, कन्नौज
- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
- एल वाई डिग्री कॉलेज, कायमगंज, फर्रुखाबाद
- भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद
- गरिजा देवी डिग्री कालेज, सकवाई, फर्रुखाबाद
- मेजर एस.डी. सिंह महाविद्यालय, मोमदाबाद, फर्रुखाबाद

# समन्वयक की कलम से...

## वार्षिक आख्या

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में 67 इकाइयाँ संचालित हैं, जिनमें 6 इकाइयाँ विश्वविद्यालय परिसर में तथा 61 इकाइयाँ कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज एवं उन्नाव जनपदों के संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित हैं। वर्तमान में कुल लगभग 6700 स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए हैं और समाज सेवा के विविध आयामों में सक्रिय योगदान प्रदान कर रहे हैं।

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक इकाई द्वारा सामान्य गतिविधियों के अतिरिक्त एक चयनित ग्राम अथवा बस्ती को गोद लेकर सतत सामुदायिक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। गत वर्ष 53 इकाइयों द्वारा एकदिवसीय एवं सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 2650 स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर ग्रामीण एवं शहरी बस्तियों में जन-जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन किया।

### राष्ट्र निर्माण एवं जन-जागरुकता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से–

- मेरी माटी मेरा देश अभियान
- कलश यात्रा
- हर घर तिरंगा
- स्वच्छता ही सेवा अभियान
- सरदार वल्लभभाई पटेल पदयात्रा
- गांधी जयंती विशेष कार्यक्रम
- Sardar@150 अभियान
- विकसित भारत युवा कनेक्ट-2026
- विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2026
- माय भारत बजट क्वेस्ट-2026
- विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज-2026
- सिविल डिफेंस वॉरियर जागरुकता कार्यक्रम
- तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0
- साइबर सुरक्षा माह
- टीबी मुक्त भारत जागरूकता अभियान
- माय भारत आउटरीच कार्यक्रम

विशेष रूप से "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया।

### योग, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी इकाइयों द्वारा चयनित ग्राम एवं बस्तियों में एक साथ योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 2450 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक वेबिनार आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई गई।

### युवा संसद प्रतियोगिता : नेतृत्व विकास की दिशा में कदम

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छात्र संसद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रत्येक जनपद स्तर पर किया गया। विभिन्न जनपदों से चयनित प्रतिभागियों में से पांच विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विधान सभा लखनऊ में प्रतिभागी किया गया। जनपद कानपुर नगर से एक छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ, जो विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

### चिकित्सा एवं सामुदायिक सेवा

विशेष शिविरों के दौरान चयनित ग्रामों एवं बस्तियों में कुशल चिकित्सकों के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) के दौरान 42 राजकीय चिकित्सालयों में प्रतिदिन पाँच-पाँच स्वयंसेवकों द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों की सहायता हेतु सेवाएँ प्रदान की गईं।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत चयनित बस्तियों में लगभग 3250 नागरिकों को औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराया गया।

### महात्मा गांधी सेवा लीग : सेवा का अभिनव मॉडल

माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर 2023 को "महात्मा गांधी सेवा लीग" की स्थापना की गई, जो आज भी निरंतर सक्रिय है। स्वयंसेवक "भिक्षावृत्ति से शिक्षावत की ओर", "स्वभाव स्वच्छता", "संस्कार स्वच्छता" तथा अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन कर रहे है।

विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गांधी सेवा लीग पोर्टल विकसित किया गया है, जहाँ प्रत्येक इकाई अपनी गतिविधियों का नियमित विवरण अपलोड करती है। इन गतिविधियों का समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से मूल्यांकन किया जाता है। साथ ही भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी गतिविधियों को माय भारत पोर्टल पर भी अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

### गणतंत्र दिवस झांकी प्रतियोगिता : राष्ट्रभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन

26 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में कानपुर नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में "ऑपरेशन सिंदूर झांकी प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 21 महाविद्यालयों के लगभग 650 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए राष्ट्रभक्ति एवं समसामयिक विषयों पर आधारित उत्कृष्ट झांकियों का प्रदर्शन किया।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार ₹11,000, द्वितीय पुरस्कार ₹8,000, तृतीय पुरस्कार ₹5,000 तथा सांत्वना पुरस्कार ₹4,000 की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर पर स्वयंसेवकों की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया–

- गणतंत्र दिवस परेड शिविर, ग्वालियर (2025) में 6 स्वयंसेवकों का चयन हुआ, जिनमें से 1 स्वयंसेविका का चयन नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड हेतु हुआ।
- विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता से चयनित स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### सम्मान और प्रोत्साहन

प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को प्रोत्साहित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाता है–

- कर्मवीर पुरस्कार (4 स्वयंसेवक)
- गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार (3 कार्यक्रम अधिकारी)
- स्वामी विवेकानंद पुरस्कार (श्रेष्ठ इकाइयाँ)

इन पुरस्कारों के माध्यम से सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

– डॉ श्याम मिश्रा, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य परिचय

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्रीय पुनर्निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमजोरियों को दूर करने एवं उसमें गुणात्मक परिवर्तन लाने तथा छात्रों को पूर्णतः राष्ट्र सेवा में लगाने के निमित्त कई आयोग गठित हुए, जिन्होंने शिक्षा को रचनात्मक आयाम देने के लिए अपनी–अपनी संस्तुतियां दीं। विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ० राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि शैक्षिक संस्थाओं में छात्र राष्ट्रीय सेवा को स्वैच्छिक रूप से शुरू करें, जिससे विद्यालय परिसर और समाज एक सृजनात्मक सूत्र से जुड सकें। 1950 में उच्च शिक्षा हेतु गठित केन्द्रीय सलाहकार समिति ने सिफारिश की कि छात्रों को स्वेच्छा से शारीरिक श्रम न में लगना चाहिए एवं शिक्षकों को उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। 1958 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू ने समाज सेवा के कार्य को स्नातक पूर्व की आवश्यकता बताया। 1959 में डॉ० देशमुख की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय सेवा समिति ने सिफारिश की कि महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों को राश्ट्रीय सेवा करना अनिवार्य कर दिया जाय। भारत सरकार के अनुरोध पर 1960 में प्रो० कं० जी० सैयद्दीन ने विश्व के कई देशों का दौरा करके "युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा" नामक आख्या प्रस्तुत की। 1964 से 1968 के बीच में डॉ० दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में गठित शिक्षा समिति ने सभी स्तरों के छात्रों को समाज सेवा से जोडने की सिफारिश की। राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक अप्रैल, 1967 में एन. सी. सी. के विकल्प के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना को संचालित करने का सुझाव दिया। सितम्बर, 1967 में इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों की एक गोष्ठी हुई, जिसमें एक समिति के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ, साथ ही साथ भारत सरकार के नीति में राष्ट्रीय सेवा को शिक्षा का मौलिक आधार माना गया।

स्वतंत्रता के बाद से ही इस दिशा में किये गये प्रयासों एवं सुझावों को मूर्तरूप देते हुए 24 सितंबर, 1969, को भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री बी० के० आर० बी० राव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को 37 विश्वविद्यालयों में एक पायलट परियोजना के रूप में क्रियान्वित कराया एवं उस वर्ष यह योजना 40,000 स्वयंसेवकों के साथ प्रारम्भ हुयी। वर्तमान में यह योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ध्वजवाहक योजना के रूप में देश के 32,00,000 युवाओं का विशालतम संगठन है, जिसमें राज्यों की सक्रिय सहभागिता है। वर्तमान वर्ष 2022–23 में इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 44 विश्वविद्यालयों एवं 11 मण्डलों में लगभग 3,21,000 छात्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में कार्य कर रहे हैं।

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

**लक्ष्य:** सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

**उददेश्य:**

1. जिस समुदाय में स्वयंसेवक कार्य करते हैं उस समुदाय को समझना।
2. अपने समुदाय के परिप्रेक्ष्य में स्वयं को समझना।
3. समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान की प्रक्रिया में सम्मिलित होना।
4. स्वयंसेवकों में सामाजिक व नागरिक दायित्व बोध विकसित करना।
5. व्यक्तिगत तथा सामुदायिक समस्याओं के निदान में अपने व्यावहारिक ज्ञान का उपयोग करना।
6. सामूहिक जीवन और जिम्मेदारी में सहभाग की योग्यता विकसित करना।
7. सामूहिक भागीदारी को सक्रिय करने की कुशलता प्राप्त करना।
8. नेतृत्व क्षमता व लोकतांत्रिक प्रवृत्ति अर्जित करना।
9. आपातकाल व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता विकसित करना।
10. राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द्र का अभ्यास करना।

# ध्येय वाक्य, प्रतीक चिन्ह एवं बैज

**'NOT ME BUT YOU'**

**'मुझे नहीं आपके लिये'**

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य यह बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा दूसरों को सम्मान व श्रेय देने वाले बनें। यह प्रजातांत्रिक ढंग से रहने के साथ–साथ निःस्वार्थ की आवश्यकता पर बल देता है। यह प्रदर्शित करता है कि व्यक्ति का कल्याण सम्पूर्ण समाज के कल्याण पर ही निर्भर है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह एवं बैज

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मन्दिर के रथ चक्र पर आधारित है जो निरन्तरता और परिवर्तन का द्योतक है। यह चिन्ह राष्ट्रीय सेवा योजना के बैज पर उत्कीर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज की सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उसे लगाते हैं। कोणार्क के सूर्य मन्दिर के रथ में 24 पहिये हैं जो सम्पूर्ण दिन के 24 घण्टों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक पहिये में 8 तीलियां हैं जो 8 पहर दर्शाती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का बैज, धारण करने वाले को यह याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए दिन–रात अर्थात 24 घण्टे (आठों पहर) तत्पर रहे। बैज में जो लाल रंग है वह इस बात का संकेत करता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में पूरा उत्साह है और वे जीवन्त है, सक्रिय है और उनके स्फूर्ति है। गहरा नीला रंग उस ब्रह्माण्ड की ओर संकेत करता है जिसका राष्ट्रीय सेवा योजना एक छोटा सा अंश है और जो मानव मात्र का कल्याण करने के लिये अपना अंशदान करने को तैयार है। बैज का सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है, जो धारण करने वालो को बिना विवाद के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य में सदैव तत्पर रहने की प्रेरण देता है।

# स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के क्रियाकलाप

**शिक्षा एवं मनोरंजन के क्षेत्र में जैसेः**

काम चलाऊ अक्षर का ज्ञान कराना, स्कूल छोड़ देने वालों को शिक्षित करना, सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा क्लबों का गठन, ग्रामीण व देशी खेल का आयोजन, सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर चर्चा, जागरुकता के कार्यक्रम।

**आपातकाल के लिए कार्यक्रम (तूफान, बाढ़, भूकम्प, सूखा आदि)**

आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अधिकारियों को मदद पहुँचाना, स्वास्थ्य अधिकारियों को रोगों की रोकथाम के उपाय करने, टीके लगाने, दवाइयां देने और अन्य सम्बद्ध गतिविधियों में सहायता करना, स्थानीय अधिकारियों को राहत पहुँचाने व बचाने के कार्य में सहायता करना, पुनर्निमाण के कार्य में स्थानीय लोगों की सहायता करना, दान प्राप्त करना व कपड़े एकत्र करना तथा उन्हें प्रभावित लोगों में बांटना।

**पर्यावरण को समृद्ध बनाना तथा उसकी सुरक्षाः**

प्राचीन स्मारकों की सुरक्षा और उसकी मरम्मत, सांस्कृतिक विरासत, मन्दिरों की मरम्मत करने के प्रति लोगों को जागरुक बनाना।

स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषक कार्यक्रम, रोगों से बचाने के व्यापक कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रमों में सहयोग, रक्तदान शिविर, जनसंख्या शिक्षा व परिवार कल्याण, रोगियों की मदद, अनाथ और वृद्धों की मदद करना, चिकित्सा, समाज सर्वेक्षण कार्यक्रम।

**समाज सेवा के कार्यक्रमः**

महिलाओं के कल्याण संगठनों में काम करना, महिलाओं को बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि के कार्य में प्रशिक्षण देना, महिलाओं में यह चेतना लाना कि वे अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार कर सकती हैं, ग्रामों को अभिगृहीत करना, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करना, लोगों में ग्रामीण विकास के लिए बैंकों की भूमिका के प्रति जागरुकता पैदा

**पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखनाः**

नदियों की सफाई, पानी का विश्लेषण ।

स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर संचालित किये जाने वाले अन्य कार्यक्रम भी समय–समय पर कराए जा सकते हैं।

# स्वच्छता, मतदाता एवं जल संरक्षण शपथ

## स्वच्छता शपथ

मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा।

मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूँगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा।

मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय मतदाता शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जल संरक्षण शपथ

मैं भारत का जागरुक नागरिक
निष्ठापूर्वक यह शपथ लेता हूँ
कि मैं आज से जल का दुरुपयोग नहीं करूँगा
न ही इसके लिये मैं अपने परिवार ईष्ट मित्रों
एवं अपने आस–पास के लोगों को संरक्षण के लिए
प्रेरित करूँगा।

# प्रमुख दिवस

अधोलिखित दिवसों पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां यथा, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, रक्तदान, स्वास्थ्य जाँच, जागरुकता रैली, स्वच्छता अभियान, पोस्टर स्लोगन आदि का आयोजन किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन महोत्सव सप्ताह | 1 जुलाई से 7 जुलाई तक |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त |
| 3. | सद्भावना दिवस | 20 अगस्त |
| 4. | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर |
| 5. | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 08 सितम्बर |
| 6. | स्वच्छता पखवाड़ा | 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर |
| 7. | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | 24 सितम्बर |
| 8. | राष्ट्रीय रक्त दान दिवस | 01 अक्टूबर |
| 9. | गाँधी जयन्ती | 02 अक्टूबर |
| 10. | यातायात नियंत्रण दिवस | 24 अक्टूबर |
| 11. | राष्ट्रीय एकता दिवस | 31 अक्टूबर |
| 12. | बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| 13. | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस | 19 नवम्बर |
| 14. | कौमी एकता पखवाड़ा | 19 नवम्बर से 25 नवम्बर |
| 15. | विश्व एड्स दिवस | 1 दिसम्बर |
| 16. | मानवाधिकार दिवस | 10 दिसम्बर |
| 17. | सुशासन दिवस | 25 दिसम्बर |
| 18. | विवेकानन्द जयन्ती | 12 जनवरी |
| 19. | राष्ट्रीय युवा सप्ताह | 12 से 18 जनवरी |
| 20. | मतदाता दिवस | 25 जनवरी |
| 21. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी |
| 22. | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च |
| 23. | विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| 24. | विश्व योग दिवस | 21 जून |

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार

### (क) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :

प्रत्येक वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है–

**विश्वविद्यालय / मण्डल**– स्तर पर जिसमें किसी एक विश्वविद्यालय अथवा मण्डल को रु० 02 लाख नकद शील्ड एवं संबंधित कार्यक्रम समन्यवय को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

**कार्यक्रम अधिकारी स्तर**– इसमें पूरे देश से 10 कार्यक्रम अधिकारियों एवं उनकी इकाइयों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी को रु0 20,000 मेडल व प्रमाण–पत्र तथा संबंधित इकाई को कार्यक्रमों के विकास के लिए रु० 70,000 एवं शील्ड प्रदान की जाती है।

**स्वयंसेवक स्तर**– कुल 30 स्वयंसेवकों को इस श्रेणी में चयनित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक को रु0 15.000 प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया जाता है।

### (ख) राष्ट्रीय युवा पुरस्कार :

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा०से०यो० तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ष्राष्ट्रीय युवा पुरस्कारष प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में राशि रु0 10,000.00 नकद तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। (मेडल एवं शॉल)

### (ग) राज्य पुरस्कार :

विभिन्न राज्यों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत श्रेष्ठ कार्यक्रम समन्वयकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

### (घ) विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर हेतु तीन श्रेणियों के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं –

सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार (तीन)

सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी को गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार (तीन)

3. सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक / स्वयंसेविका के लिये कर्मवीर पुरस्कार (चार)

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों की प्रतिभागिता

## राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष उपलब्धि

### गणतन्त्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली




**वैष्णवी श्रीवास्तव**
**पी. पी. एन कॉलेज, कानपुर से चयनित**





कुलपति से मिलने पहुंचीं गणतंत्र दिवस परेड में चयनित वैष्णवी

**कानपुर** : अगले महीने दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित राष्ट्रीय योजना इकाई की स्वयंसेविका वैष्णवी श्रीवास्तव ने सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .विनय कुमार पाठक से मुलाकात की। वैष्णवी ने परेड के लिए चयनित होने की प्रक्रिया और पीपीएन कालेज में शिक्षा प्राप्त करने के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों में शिरकत करने और अन्य तैयारियों के बारे में कुलपति को जानकारी दी। कुलपति ने शुभकामना दी। इस

### पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड शिविर, आई.टी.एम, ग्वालियर मध्यप्रदेश




| क्र.सं. | स्वयंसेवक/स्वयंसेविका का नाम | पिता का नाम | म./पु. | विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सलोनी मिश्रा | श्री गोविन्द नारायण मिश्रा | म. | सरला देवी डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात |
| 2 | वैष्णवी श्रीवास्तव | श्री के.एल. श्रीवास्तव | म. | पी.पी. एन. पी.जी. कॉलेज, कानपुर |
| 3 | सोनी | श्री नेत्रपाल सिंह | म. | सी.सी.एस. पी.जी. कॉलेज, इटावा |
| 4 | वरुण सिंह | श्री रवि सिंह | पु. | डी.ए.वी. कॉलेज, कानपुर |
| 5 | अर्थव मिश्रा | संतोष मिश्रा | पु. | ब्रह्मानंद पी.जी. कॉलेज कानपुर |
| 6 | विवेक कुमार | श्री अशोक कुमार | पु. | सी.सी.एस. पी.जी. कॉलेज, इटावा |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह

### वर्ष : 2025

### श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेतु गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार

| क्रमांक | नाम एवं महाविद्यालय | पुरस्कार |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. धर्मेन्द्र द्विवेदी, इन्दिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय, बाँगरमऊ, उन्नाव | स्वर्ण |
| 2. | डॉ. मनोज कुमार यादव, जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा | रजत |
| 3. | डॉ. चन्द्र सौरभ, डीएवी कॉलेज, कानपुर | कांस्य |

### श्रेष्ठ स्वयंसेवक सेवा कार्य हेतु कर्मवीर पुरस्कार

| क्रमांक | नाम एवं महाविद्यालय | पुरस्कार |
|---|---|---|
| 1. | अनन्या पाण्डेय, ब्रह्मानन्द पीजी कॉलेज, कानपुर | स्वर्ण |
| 2. | बोबी शाक्य, चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज, हेबरा, इटावा | रजत |
| 3. | प्रज्ञा वाखले, डीएएवीवी कॉलेज, कानपुर | कांस्य |
| 4. | रिया गौतम, डीएसएन पीजी कॉलेज, उन्नाव | कांस्य |

### श्रेष्ठ कार्य करने वाली एन.एस.एस. इकाई हेतु स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार

| क्रमांक | महाविद्यालय | पुरस्कार |
|---|---|---|
| 1. | डीएसएन (पीजी) कॉलेज, उन्नाव | स्वर्ण |
| 2. | पीपीएन कॉलेज, कानपुर | रजत |
| 3. | डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर | कांस्य |






# महात्मा गांधी सेवा लीग



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत
(महात्मा गाँधी सेवा लीग 2023-24)
Home
Guidelines
About
Objective
Units Activities
NSS Website
Login
Magazines
Authorities
Smt. Anandiben Patel
Hon'ble Chancellor & Governor
Uttar Pradesh
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice Chancellor
CSJMU Kanpur
राष्ट्रीय सेवा योजना युवा स्वयंसेवकों में मानवीय संवेदना, श्रम की इच्छा, सहभागिता, सेवा भाव, स्वावलम्बन, स्वदेश प्रेम, सामाजिक समरसता एवं कर्तव्य बोध की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आवश्यकता है कि युवा
https://applications.csjmu.ac.in/mgsl/
PAIDAL MARCH (SARDAR@150)31-10-2025
By Brahmanand College Kanpur
ESSAY WRITING COMPETION 29-10-2025
By Brahmanand College Kanpur
NSS VOLUNTEER SPEECH COMPETITION 29-10-2025
By Brahmanand College Kanpur
Sardar@150 Unity March
By Mahila Mahavidyalaya
By Sewa Unit 17
By Atal Unit 1 Csjmu University Campus
By Dr.seema
By Sewa Unit 12
By Dr. Bc Roy Unit
Cervical Cancer Awareness and
Swachhta Hi Seva–2025" under NSS Unit–2,
My Bharat Portal Registration" under NSS
SEMINAR ON ROAD SAFETY AWARENESS 21/01/2026
By Sewa Unit 12
All Activities
June 2026
April 2026
March 2026
February 2026
January 2026
December 2025
November 2025
October 2025
September 2025
August 2025
July 2025
June 2025
Latest Posts
(112, 1090, 181, 108 & 1441)
Activation of Anti-Ragging & Women Grievance Committee
Awareness Programme on Vishakha Guidelines (Prevention of Sexual Harassment at Workplace)
Financial Literacy Seminar
Formation of Career & Skill Development Committee
Introduction
Aimed at developing student's personality through community service
NSS is a voluntary association of young people in Colleges, Universities and at +2 level working for a campus-community (esp. Villages) linkage.
The National Service Scheme (NSS) is an Indian government sector public service program.
It is conducted by the Ministry of Youth Affairs and Sports of the Government of India.
The NSS scheme was launched in Gandhiji's Centenary year in May 1969.
Video Stream
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University Kanpur
Watch on YouTube

# गांधी जयंती




## 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ

























# गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित
# विश्वविद्यालय स्तरीय
# झाँकी प्रतियोगिता- 2026

**शीर्षक**
**आपरेशन सिन्दूर**








# गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित
# विश्वविद्यालय स्तरीय
# झाँकी प्रतियोगिता- 2026
















# गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय झाँकी प्रतियोगिता- 2026



























YOUTH PARLIAMENT

LISTEN • DELIBERATE • LEAD


# राष्ट्रीय युवा-संसद विश्वविद्यालय स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता















YOUTH PARLIAMENT
LISTEN • DELIBERATE • LEAD

# राष्ट्रीय युवा-संसद विश्वविद्यालय स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता


















# विकसित भारत युवा कनेक्ट 2025-26

**युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित एवं संरक्षक प्रोफेसर विनय कुमार पाठक कुलपति छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वधान में आयोजित विकसित भारत युवा कनेक्ट 2025-26 कार्यक्रम छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, एलेन हाउस इंस्टिट्यूट, रूमा में ।।**

**यूथ आइकॉन सुश्री वैष्णवी गुप्ता ने यूथ से कनेक्ट किया।**

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंस्टिट्यूट निदेशक एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय CSJMU राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ श्याम मिश्रा जी,अत्यंत कर्मठ समाजसेवी डॉ.धर्मेंद्र सिंह जी के साथ ही सरसौल ब्लॉक की प्रमुख विदुषी डॉ रत्ना तोमर जी,डॉ रचना त्रिवेदी कार्यक्रम अधिकारी डी एस न कॉलेज उन्नाव तथा डॉ विमल कटियार कार्यक्रम अधिकारी एलेन हाउस इंस्टिट्यूट के लगभग 350 विद्यार्थियों की कार्यक्रम की छायाचित्र**














# विकसित भारत युवा कनेक्ट 2025-26





















# सरदार @ 150

## सरदार वल्लभ भाई पटेल

# राष्ट्रीय एकता दिवस

31 अक्टूबर
























NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME BUT YOU


Auraiya, Uttar Pradesh, India




NAL SERVICE SCHEME (N.S.S.)
"NOT ME BUT YOU"
Kanpur, Uttar Pradesh, India


Kanpur, Uttar Pradesh, India


NATIONAL SERVICE SCHEME
Dr. Virendra Swarup Institute of Professional
"स्वयं से पहले आप"






यूनिटी मार्च


Kanpur, Uttar Pradesh, India

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026



# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम

Health is wealth










### स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवा गतिविरधियां

स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु यूनिट द्वारा पूरे वर्ष विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य जागरूकता रैलियों, स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों तथा जनजागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाई। यूनिट द्वारा वर्ष भर में तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन शिविरों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, पोषण, महिला स्वास्थ्य तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने समुदाय में स्वच्छता, योग, मानसिक स्वास्थ्य तथा नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान भी चलाए। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिताएं, शपथ कार्यक्रम एवं संवाद सत्र आयोजित किए गए।

विशेष शिविरों के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं नियमित जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया।

# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ



## डिजिटल साक्षरता अभियान

डिजिटल भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए यूनिट ने डिजिटल साक्षरता को अपनी प्रमुख गतिविधियों में शामिल किया। इस दिशा में स्वयंसेवकों ने निरंतर प्रयास करते हुए टेकनपुरवा स्थित कम्पोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा प्रदान की। स्वयंसेवक नियमित रूप से विद्यालय जाकर बच्चों को कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन शैक्षणिक संसाधनों का प्रयोग तथा डिजिटल उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देते रहे। विद्यार्थियों को ई-मेल, ऑनलाइन फॉर्म, डिजिटल भुगतान प्रणाली एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों से भी परिचित कराया गया।




### बालिकाओं की आत्मरक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम 8 को

कानपुर, 4 अप्रैल। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, बालिकाओं की आत्मरक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एनएसएस और डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा की निशुल्क क्लासेज दी जाएंगी। यह कार्यक्रम 8 अप्रैल से मल्टी पर्पस हॉल, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुरू होगा और इसमें शिहान विजय कुमार, सिक्स डिग्री ब्लैकबिल्ट और आत्मरक्षा विशेषज्ञ, बालिकाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देंगे। यह कार्यक्रम दोपहर के डेढ़ बजे से शुरू होगा और इसमें भाग लेने वाली बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

## नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम

### विवि में आत्मरक्षा की फ्री कक्षाएं लगेंगी

कानपुर। सीएसजेएमयू बालिकाओं की आत्मरक्षा और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष आयोजन किया गया। एनएसएस और डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं की आत्मरक्षा की निशुल्क क्लासेज दी जाएंगी। यह कार्यक्रम 08 अप्रैल से मल्टी पर्पज हॉल में शुरू होगा। उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक करेंगे। इसका संचालन आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक करेंगी। कोऑर्डिनेटर डॉ. ममता तिवारी करेंगी।

महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) अटल यूनिट- 1 द्वारा नारी सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मरक्षा, डिजिटल साक्षरता तथा महिलाओं के अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों की लगभग 600 छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित किया गया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ तथा प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने में सहायक रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

























# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय






पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद छात्र। संवाद

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) की एनएसएस विवेकानंद तृतीया टीम ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर बल दिया और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं








# CSJMU में लगाई पेड़ों की प्रदर्शनी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

**सीएसजेएमयू में दो दिन की प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ**

kanpur@inext.co.in

KANPUR (10 june): सीएसजेएमयू में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "प्रकृति से स्वास्थ्य संवर्धन" विषय पर आयोजित दो दिन की प्रदर्शनी का शुभारंभ ट्यूजडे को हुआ. चीफ गेस्ट के रूप में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, सचिव NIMA, UP एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी उपस्थित रहे. वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने कहा कि कैंपस में स्थित औषधीय वाटिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है. जिसमें लगभग 180 प्रकार के औषधीय जीवनदायनी ... वाटिका की शोभा को बढ़ा रहे

**कई परेशानियों से मिली मुक्ति**

डॉ. वंदना पाठक ने कहा कि वाटिका में लगे पौधे ट्यूमर, लिवर, किडनी, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर आदि रोगों के रोकथाम के लिए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं. यूनिवर्सिटी में कार्यरत 60 से अधिक कर्मचारियों के परिवारों को परेशानियों से मुक्ति दिलाने में औषधीय वाटिका की बड़ी भूमिका

**मखाना हींग जैसे कई पेड़**

स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह प्रदर्शनी स्टूडेंट्स, टीचर्स सहित सभी लोगों के लिए बड़ी उपयोगी है. इस प्रदर्शनी में कई औषधीय पौधों को देखने पहचानने का अवसर प्राप्त हो सकेगा. यह प्रदर्शनी सुबह 8 बजे से शाम





















राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई तृतीय

विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित
विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

### 1. विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस विवेकानंद इकाई-3 द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संतुलन, जलवायु परिवर्तन तथा पौधों के संरक्षण के महत्व पर भी जागरूकता प्रदान की गई।

### 2. "प्रकृति का महोत्सव" – औषधीय पौधों की प्रदर्शनी

एनएसएस विवेकानंद इकाई-3 द्वारा दो दिवसीय औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में तुलसी, नीम, गिलोय, एलोवेरा, अश्वगंधा सहित अनेक औषधीय पौधों के औषधीय गुणों एवं उपयोगों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं मॉडल के माध्यम से भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### 3. हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। स्वयंसेवकों ने तिरंगे के सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### 4. सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

"ओवरस्पीडिंग – गति प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक ऐसा जोखिम है जिसे आप हार सकते हैं" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सुरक्षित वाहन संचालन एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता व्याख्यान, वीडियो प्रस्तुति एवं शपथ ग्रहण के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया।

### 5. दत्तक ग्रामों में शैक्षिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

विश्वविद्यालय के दत्तक ग्रामों में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, चित्रकला, कहानी एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण विद्यार्थियों एवं समुदाय को प्रेरित किया गया।

### 6. सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान

स्वास्थ्य विज्ञान विभाग एवं एनएसएस के संयुक्तप्रयास से दत्तक ग्रामों में किशोरियों के लिए सर्वाइकल कैंसर एवं एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेषज्ञों एवं स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य शिक्षा, पंजीकरण एवं टीकाकरण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### 7. रचनात्मक विकास, सामाजिक जागरूकता एवं कृषि उन्नयन दिवस

विशेष शिविर के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, तंबाकू निषेध अभियान एवं कृषि जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए, जबकि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जैविक खेती की जानकारी प्रदान की गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चतुर्थ

## विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ


























# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चतुर्थ







राष्ट्रीय सेवा योजना की विश्वेश्वरैया इकाई-4 ने सत्र 2025-26 में "नॉट मी बट यू" के आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा तथा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अनेक प्रभावशाली कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय एवं समाज के मध्य एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करते हुए सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट परिचय दिया। सत्र की प्रमुख उपलब्धियों में नेउरा बस्ती (भगवान टटिया-भल्ला टटिया), श्याम नगर, कानपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर विशेष आकर्षण रहा। शिविर का शुभारम्भ स्वच्छता अभियान एवं "प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान" से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का संदेश दिया। गो ग्रीन एवं वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता विकसित की गई। स्वयंसेवकों ने स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं रोजगार से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं रोड शो के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट तथा यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। "शिक्षा का अधिकार", डिजिटल शिक्षा तथा "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान के माध्यम से बालिका शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहित किया गया।फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया, स्वस्थ भारत मिशन तथा रन फॉर स्वदेशी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जल जीवन मिशन, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन से जुड़े विविध जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।वर्षभर राष्ट्रीय एवं सामाजिक महत्व के विभिन्न दिवसों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सामाजिक संवेदनशीलता का विकास हुआ। विशेष शिविर के समापन अवसर पर सांस्कृतिक संध्या, प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह ने स्वयंसेवकों के उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान की। इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप मलिन बस्ती क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण में जनसहभागिता सुदृढ़ हुई, नशा मुक्ति के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई, बालिका एवं डिजिटल शिक्षा के प्रति अभिभावकों की जागरूकता में वृद्धि हुई तथा सड़क सुरक्षा एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समाज में व्यापक जन-जागरूकता स्थापित हुई। विश्वेश्वरैया इकाई-4 द्वारा संचालित ये सभी कार्यक्रम समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुए, जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र "नॉट मी बट यू" को वास्तविक अर्थों में सार्थक करते हुए सेवा, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त संदेश समाज तक पहुँचाया।






# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंचम

## विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ





### सीएसजेएमयू में यूथ-डे सेलिब्रेशन

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

kanpur@inext.co.in

KANPUR (12 Jan): नेशनल यूथ डे के अवसर पर सीएसजेएमयू में एक दिन के विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. यह आयोजन डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर अंशु यादव और आत्मोदय हॉबी क्लब काउंसिल की समन्वयक डॉ. ममता तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत यूथ मैराथन से हुई. मैराथन का उद्देश्य युवाओं में एनर्जी, फिजिकल फिटनेस एवं पॉजिटिव सोच को बढ़ावा देना था.इसके बाद यूनिवर्सिटी में विभिन्न क्रिएटिव एंड इंटेलेक्चुअल कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया. इनमें स्पीच और डिबेट, हैंड मेड पोस्टर मेकिंग, डिजिटल पोस्टर डिजाइन, नुक्कड़ नाटक, पॉट कलरिंग तथा रील मेकिंग कॉम्पटीशन प्रमुख रहीं.

यूथ-डे सेलिब्रेट करते स्टूडेंट्स.

**विभिन्न कॉम्पटीशन में पहला स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स**

- रील मेकिंग कॉम्पटीशन समृद्धि सिंह
- हैंड मेड पोस्टर मेकिंगकॉम्पटीशन योगेश मिश्रा
- डिजिटल पोस्टर डिजाइन कॉम्पटीशन दुर्गेश गुप्ता
- डिबेट कॉम्पटीशन ध्रुव मटखरे
- पॉट कलरिंग कॉम्पटीशन नंदिका त्रिवेदी




















# राष्ट्रीय सेवा योजना षष्ठम इकाई

## विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ




















# विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

राष्ट्रीय सेवा योजना की षष्ठम इकाई (महात्मा गांधी इकाई) ने सत्र 2025-26 में "स्वयं से पहले आप" के आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्षभर आयोजित विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सेवा, नेतृत्व, अनुशासन और उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट परिचय दिया।इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, संविधान दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस, मतदाता जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, योग एवं नशा मुक्ति जैसे अनेक जनहितकारी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश भी प्रसारित किया।सत्र की प्रमुख उपलब्धियों में 16 से 22 फरवरी 2026 तक ग्राम उदेतपुर (विकास खंड-बिठूर) में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, श्रमदान, मतदाता एवं नशा मुक्ति जागरूकता, जल संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, योग, खेलकूद, सर्व शिक्षा अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जैसी गतिविधियों का संचालन किया। लगभग 200 ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेशों का प्रभावी प्रसार किया गया। इकाई के स्वयंसेवकों ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम में भी उत्कृष्ट सहभागिता निभाई। स्वयंसेवकों ने 120 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर साइबर अपराध, विधिक जागरूकता, पुलिस प्रशासन, अपराध अन्वेषण एवं उत्तरदायी नागरिकता से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दोनों के लिए गौरव का विषय रही।राष्ट्रीय सेवा योजना की षष्ठम इकाई ने सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील, जागरूक एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह यात्रा समाज सेवा के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका का प्रेरणादायक उदाहरण है।

















## क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

## माय भारत पोर्टल : विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग

युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर नेतृत्व, नागरिक दायित्व एवं विकसित भारत के विजन से संबंधित प्रश्नोत्तरी में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम ने युवाओं में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक नेतृत्व की भावना को सुदृढ़ किया।

## सड़क सुरक्षा अभियान


सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रतिज्ञा समारोह, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ एवं जागरूकता रैली आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने बड़ा चौराहा क्षेत्र में आम नागरिकों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। इस अभियान ने विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा दिया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान हेलमेट जाँच अभियान, राह-वीर योजना जागरूकता, रैली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया।

## सरदार @150 : राष्ट्रीय एकता अभियान

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय "एकता मार्च" में स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।




## एक दिवसीय NSS शिविर

जूही, परामपुरवा एवं सुतारखाना क्षेत्रों में आयोजित एक दिवसीय शिविरों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सामुदायिक सर्वेक्षण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का अध्ययन किया। जनजागरूकता अभियान चलाकर स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता, सुरक्षित जल एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।









# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




















## इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025



वृक्षारोपण कार्यक्रम


स्वतंत्रता दिवस 2025 : तिरंगा यात्रा



स्वच्छता कार्यक्रम


प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम


सरदार पटेल जयंती कार्यक्रम



स्वच्छता अभियान



साक्षरता का महत्व



...रिक स्वास्थ्य एवं खेल का महत्व



स्वच्छता एवं गौ सेवा

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के अंतर्गत कुल 521 प्रतिभागियों (222 पुरुष और 299 महिला स्वयंसेवक, NCC कैडेट्स व शिक्षक ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

## एक पेड़ माँ के नाम" - वृक्षारोपण

पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक दृष्टिकोण देने के लिए इस अनूठे अभियान के तहत कॉलेज परिसर में सैकड़ों औषधीय और छायादार पौधे रोपे गए। NSS स्वयंसेवकों ने लगाए गए पौधों को गोद लेकर उनकी नियमित देखभाल व सुरक्षा सुनिश्चित करने का स्थाई वचन लिया।

## तिरंगा यात्रा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर महाविद्यालय की तीन प्रमुख अनुशासित इकाइयों-NSS, NCC और रोवर-रेंजर्स-ने संयुक्त रूप से एक भव्य "तिरंगा यात्रा" का संचालन किया।

## स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा" के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर और सब्जी मंडी में श्रमदान कर सूखे-गीले कचरे के डिब्बों की व्यवस्था और कचरा पृथक्करण किया।

## प्लास्टिक मुक्त भारत

सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाते हुए दुकानदारों को कपड़े व जूट के थैले वितरित किए गए और पोस्टरों के माध्यम से नुक्कड़ संवाद आयोजित हुआ।

## साक्षरता का महत्व शिविर

ग्रामीण स्कूली बच्चों को प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से शिक्षा के महत्व से जोड़ा गया और प्रश्नोत्तर सत्र के जरिए समय प्रबंधन व लक्ष्य निर्धारण (Goal Setting के गुर सिखाए गए।

## शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल का महत्व

इस्कॉन (ISKCON मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने स्थानीय बच्चों व नागरिकों को संतुलित आहार, मैदानी खेल, मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान (Meditation के प्रति जागरूक किया।

## स्वच्छता एवं गौ सेवा शिविर

ऐतिहासिक वानखंडेश्वर आश्रम, बिठूर में स्वच्छता श्रमदान करने के साथ-साथ स्वयंसेवकों ने आश्रम की गौशाला में जाकर गायों की देखभाल की और उन्हें हरा चारा खिलाकर जीव-दया व निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया।

# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




वृक्षारोपण अभियान




ध्यान एवं आध्यात्मिक सत्र




नमामि गंगे अभियान




यतयत् एवं सड़क सुरक्षा




मतदान जागरूकता अभियान




My Bharat पोर्टल प्रचार




# इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

## प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रशिक्षण



एनएसएस इकाई द्वारा प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन सहायता पर ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।प्रतिभागियों को CPR, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया

## वंदे मातरम् 150वीं वर्षगांठ




वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।
देशभक्ति गीत, भाषण एवं प्रस्तुतियों ने सभी को प्रेरित किया।
विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्व समझा।
कार्यक्रम ने देशप्रेम एवं राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा दिया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता कार्यक्रम







मतदान के महत्व एवं लोकतांत्रिक अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जिम्मेदारी एवं जागरूकता का संदेश दिया गया।
व्याख्यान एवं संवाद के माध्यम से मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया।

## महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम




सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
महिला अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं समान अवसरों पर चर्चा की गई।
विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा कर लैंगिक समानता का समर्थन किया।
कार्यक्रम ने समाज में महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया।

## इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम




### साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला

विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।

### नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश दिया गया।

### वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान

